POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीय कार्य/ प्रेस विज्ञप्ति – दिनांक 12.04.2024

1.थाना फेस-2 नोएडा पुलिस व नारकोटिक्स सैल गौतमबुद्धनगर द्वारा संयुक्त प्रयास से अवैध गाँजे की तस्करी करने वाले 03 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 70 किलोग्राम अवैध गांजा (अनुमानित कीमत करीब 07 लाख रूपये) बरामद व गांजा तस्करी में प्रयुक्त एक मोटर साइकिल बरामद।

कार्यवाही का विवरण-- लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु **दिनांक 12.04.2024** को थाना फेस-2 नोएडा पुलिस द्वारा एंव नारकोटिक्स सैल गौतमबुद्धनगर द्वारा सयुक्त रूप से प्रभावी गश्त की जा रही थी। रात्रि में गश्त व चैकिंग के दौरान गन्दा नाला रोड़ शमशाम घाट के पीछे से 02 अभियुक्त 1.मौ0 इरफान पुत्र मौ0 अनवार 2. अलीमुल मलिक पुत्र इब्राहिम मलिक को मय गांजा के **गिरफ्तार** किया गया है। दोनो अभियुक्तों के कब्जे से अलग अलग 22-22 किलो अवैध गांजा व गांजा तस्करी में प्रयुक्त एक मोटर साइकिल बरामद ।

घटना का संक्षिप्त विवरण-- पूछताछ में दोनो अभियुक्तो नें बताया कि उड़ीसा से गांजे की तस्करी कर लाये है, जिसे एनसीआर क्षेत्र में बेचते है। उनका एक साथी गांजे के साथ जे0पी0 फ्लाई ओवर के पास खड़ा है, इसी सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये तीसरे अभियुक्त निताई सरकार पुत्र किस्टोलाल सरकार को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से 26 किलो नाजायज गांजा एक कट्टे में बरामद किया गया । अभियुक्तो के कब्जे से कुल 70 किलोग्राम अवैध गाँजा (अनुमानित कीमत पुडिया के हिसाब से 7 लाख रूपये) व गांजा तस्करी में प्रयुक्त एक मो0सा0 पैशन प्रो रजि0 न0-यूपी 16 बीएफ 9808 बरामद की गयी।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का विवरण--

1. मौ0 इरफान पुत्र मौ0 अनवार नि0-गॉव सैफुल्लागंज थाना इस्लाम नगर जिला बदांयू हाल पता नफीस का मकान ग्राम सदरपुर से045 नोएडा थाना सै0-39 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर उम्र-32 वर्ष
2. अलीमुल मलिक पुत्र इब्राहिम मलिक नि0-गॉव पत्थरसन थाना साहिबगंज जिला कूचबिहार पश्चिम बंगाल हाल पता गली न0-6 बरौला थाना सै0-49 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर उम्र-46 वर्ष
3. निताई सरकार पुत्र किस्टोलाल सरकार नि0-गॉव आजादपुर थाना कुमारगंज जिला दक्षिण दिनाजपुर पश्चिम बंगाल हाल पता मंगू सैनी का मकान गली न0-1 चौपाल के सामने छलेरा सै0-44 नोएडा थाना सै0-39 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर उम्र 45 वर्ष

अभियुक्त मौहम्मद इरफान का पूर्व आपराधिक इतिहास--

1. मु0अ0सं0 313/16 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना सैक्टर-39, गौतमबुद्धनगर
2. मु0अ0स0 195/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस थाना फेस-2 गौतमबुद्धनगर

अभियुक्त निताई सरकार का पूर्व आपराधिक इतिहास--

1. मु0अ0सं0 2/23 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना सैक्टर-63, गौतमबुद्धनगर
2. मु0अ0सं0 807/17 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना सैक्टर-39, गौतमबुद्धनगर
3. मु0अ0सं0 994/18 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना सैक्टर-39, गौतमबुद्धनगर

4. मु0अ0सं0 743/19 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना सैक्टर-39, गौतमबुद्धनगर
5. मु0अ0स0 195/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस थाना फेस-2 गौतमबुद्धनगर

अभियुक्त अलीमुल मलिक का पूर्व आपराधिक इतिहास--

1. मु0अ0सं0 93/2023 धारा 20(b)(2)(c) एनडीपीएस एक्ट थाना कालीमेला, जिला मलकान्द गिरी उडीसा
2. मु0अ0स0 195/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस थाना फेस-2 गौतमबुद्धनगर

बरामदगी का विवरण--

1. 70 किलोग्राम अवैध गाँजा बरामद (अनुमानित कीमत पुडिया के हिसाब से 7 लाख रूपये)

2.थाना सेक्टर-49 पुलिस द्वारा 03 चोर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 02 वैल्डिंग मशीन व एक अवैध तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद।

कार्यवाही का विवरण-- दिनांक 12.04.2024 को थाना सेक्टर-49 पुलिस द्वारा बरोला टी पाइन्ट से हनुमान मूर्ति जाने वाले सर्विस रोड से 03 अभियुक्त 1.अभय पुत्र मुकेश कुमार 2.श्रीकांत पुत्र कमलेश सिंह 3.उदय शर्मा पुत्र धीरेन्द्र शर्मा को 02 चोरी की वैल्डिंग मशीन मय 01 .315 बोर तमंचा नाजायज मय एक जिन्दा कारतूस .315 बोर के सहित **गिरफ्तार** किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना सैक्टर-49 पर मु0अ0सं0 0153/2024 धारा 380/411 भादवि0 बनाम अभय आदि 03 नफर उपरोक्त व मु0अ0सं0 0154/24 धारा 3/25 आयुध अधिनियम बनाम अभय उपरोक्त के विरूद्ध पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण--

1. अभय पुत्र मुकेश कुमार नि0 उदयपुर महेबा थाना कोतवाली सदर जिला लखीमपुर खीरी हाल पता होटल मैस्टिक मालवर बरोला थाना सैक्टर-49 नोएडा
2. श्रीकांत पुत्र कमलेश सिंह नि0 भेडिया कला थाना बुनियादगंज जिला गया (बिहार) हाल पता श्यामलाल कालोनी बरोला थाना सैक्टर-49 नोएडा
3. उदय शर्मा पुत्र धीरेन्द्र शर्मा नि0 बरी थाना भिंझरपुर जिला जसपुर (उडीसा) हाल पता श्यामलाल कालोनी बरोला थाना सैक्टर-49 नोएडा ।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त अभय उपरोक्त--

1. मु0अ0सं0 0153/2024 धारा 380/411 भादवि0 थाना सै0-49 नोएडा गौतमबुद्धनगर।बनाम अभय, श्रीकांत, उदय
2. मु0अ0सं0 0154/2024 धारा 3/25 आयुध अधिनियम थाना सै0-49 नोएडा गौतमबुद्धनगर। बनाम अभय

बरामदगी का विवरण--

चोरी की 02 वैल्डिंग मशीन बरामद।

01 अवैध तमंचा .315 बोर मय 01 अदद जिन्दा .315 बोर कारतूस बरामद।